आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 12.11.2024

समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– सरकार देश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए समग्र दृ ष्टिकोण के साथ काम कर रही है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के समग्र विकास और राज्य की सनातन संस्कृति के वैभव की पुनर्स्थापना पर जोर दिया।
- प्रदेश सरकार राज्य में जल्द भू–कानून लागू करेगी।
- चंपावत जिले के बनबसा में 28 नवंबर से सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा।

पीएम जन औषधि केंद्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देश भर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 18 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बेहतर जीवनशैली को बढ़ावा देने के साथ योग, आयुष और पोषण को मुख्य स्वास्थ्य सेवाओं में एकीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री जन औषधि योजनाओं ने पहले की रूढ़िवादी प्रणाली को पूरी तरह से बदल दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मौजूदा सरकार बीमारियों की रोकथाम में विश्वास करती है इसलिए फिट इंडिया और स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में 75 हजार नई मेडिकल सीटें जोड़ी जाएंगी।

सीएम बदरीनाथ दौरा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के समग्र विकास के साथ ही सनातन संस्कृति के वैभव की पुनर्स्थापना के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। श्री धामी ने आज बदरीनाथ धाम में श्रद्धालु और स्थानीय लोगों की सुविधाओं के उन्नयन के लिए संचालित विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यात्रा को और बेहतर किया जाएगा।

इससे पहले उन्होंने बदरीनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना कर प्रदेश की सुख–समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार की यात्रा अपने अंतिम चरण में है। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों, कार्मिकों और सभी संगठनों का आभार व्यक्त किया।

बदरीनाथ धाम के कपाट आगामी 17 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद होंगे। इस बीच कपाट बंद होने की प्रकिया आज पंच पूजाओं के साथ शुरू हो गई है। बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ ही

इस वर्ष की चारधाम यात्रा संपन्न हो जाएगी। गौरतलब है कि बदरीनाथ धाम के कपाट इस वर्ष बारह मई को खोले गए थे। अब तक तेरह लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ धाम के दर्शन किए हैं।

## सीएम ऑन भू कानून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश में जल्द ही भू–कानून लागू किया जाएगा। चमोली जिले के भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा भवन में मुख्यमंत्री ने आज उत्तराखंड में सख्त भू–कानून को लेकर गठित समिति और अन्य पूर्व उच्चाधिकारियों, बुद्धिजीवियों के साथ भू–कानून के प्रारूप पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य में लागू होने वाले भू–कानून को जनभावनाओं के अनुरूप बनाने की दिशा में काम कर रही है। श्री धामी ने कहा कि उप जिलाधिकारी और तहसीलदार स्तर पर भी भू–कानून को लेकर जनता से सुझाव लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय लोगों की जरूरतों और विकास के पहलुओं को ध्यान में रखते हुए एक मजबूत भू–कानून का प्रारूप तैयार किया जा रहा है।

## ऑनलाइन पाठ्यक्रम

प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए राज्य में पहला ''विशाल खुला ऑनलाइन पाठ्यक्रम'' का शुभारंभ किया गया। यह कोर्स शिक्षकों को डिजिटल और तकनीकी कौशल में प्रशिक्षित करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है, ताकि कक्षा में प्रभावी तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर अपने शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार कर सकें। अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण के निदेशक बंदना गर्ब्याल ने कहा कि यह कोर्स शिक्षकों को आईसीटी के विभिन्न उपकरणों के बारे में जानकारी देगा और उन्हें अपने शिक्षण में इन तकनीकों को एकीकृत करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने शिक्षकों से इस कोर्स को अनिवार्य रूप से करने की अपील की। शिक्षा महानिदेशक झरना कमठान ने कहा कि यह कदम उत्तराखंड की शिक्षा प्रणाली को डिजिटल युग के लिए तैयार करने और छात्रों की शिक्षा में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## पुरानी पेंशन बहाल

प्रदेश सरकार ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत 01 अक्टूबर 2005 से पूर्व जारी विज्ञापन के माध्यम से नियुक्त गढ़वाल मंडल के 34 एलटी शिक्षकों को पुरानी पेंशन बहाल कर दी है। अब तक वे नई पेंशन योजना के अन्तर्गत आच्छादित थे। गौरतलब है कि पुरानी पेंशन योजना से लाभान्वित होने के लिए 150 शिक्षकों ने विकल्प भरा था। कोषागार पेंशन एवं हकदारी उत्तराखंड के आदेशानुसार, शिक्षा विभाग ने इन विकल्पों का केस दर केस परीक्षण करने के बाद 34 सहायक अध्यापकों को पुरानी पेंशन योजना से लाभान्वित करने की स्वीकृति दे दी है।

## सेना भर्ती रैली

चंपावत जिले के बनबसा में 28 नवंबर से सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। 4 दिसंबर तक चलने वाली भर्ती रैली में धर्मगुरु और अग्निवीर की दो श्रेणियों में भर्ती आयोजित की जाएगी। भर्ती के लिए करीब 3 हजार 500 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। भर्ती की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी नवनीत पांडे की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि भर्ती रैली में उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे।

## पुरस्कार

रामनगर के पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम.सी. पांडे को ''भारत–नेपाल एनवायरमेंटल लीडरशिप पुरस्कार–2024'' से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार 11 नवंबर को काठमांडू में नेपाल के विदेश मंत्री ने दिया। श्री पांडे को यह पुरस्कार पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण के लिए दिया गया। गौरतलब है कि उत्तराखंड सरकार उन्हें उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए भक्त दर्शन पुरस्कार और प्रिंसिपल ऑफ द ईयर पुरस्कार से पहले ही सम्मानित कर चुकी है।

## बैकुंठ चतुर्दशी मेला

पौड़ी जिले के श्रीनगर में कल से होने वाले सात दिवसीय बैकुंठ चतुर्दशी मेले की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। आज स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने मेला स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर डाक्टर रावत ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संजोये इस मेले को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए विशेष प्रयास किया जा रहे हैं।

## बंगाल इंजीयरिंग ग्रुप

रुड़की के परेड ग्राउंड में बंगाल इंजीनियरिंग ग्रुप की ओर से बाल दिवस के अवसर पर ''रन फॉर फन एंड फिटनेस'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रीन मैन ऑफ इंडिया विजयपाल बघेल ने छात्र–छात्राओं को पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर ग्रीन मैन ऑफ इंडिया ने कहा कि विश्व में प्रकृति में तेजी से परिवर्तन हो रहा है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे और उनका संरक्षण करना होगा। कार्यक्रम में शहर के कई स्कूलों के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

## चुनाव प्रचार में तेजी

केदारनाथ में 20 नवम्बर को होने वाले विधानसभा उप चुनाव के लिए प्रचार जोर पकड़ चुका है। भाजपा, कांग्रेस और उत्तराखंड क्रांति दल के प्रत्याशी चुनावी जनसभा कर मतदाताओं से अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इस बीच, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम सिंह राणा ने बताया है कि प्रशासन ने मतदान को लेकर सभी तैयारियां कर ली है। मतदान के दिन केदारनाथ विधान सभा क्षेत्र के सभी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में अवकाश रहेगा।

## इगास बग्वाल

प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में ''इगास बग्वाल'' का त्योहार पारंपरिक ढंग से उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। रात में स्थानीय देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना के बाद ढोल दमाऊं के साथ लोक नृत्य कर भैलो खेला गया। पौड़ी के रामलीला मैदान में जिला प्रशासन व स्थानीय निवासियों ने इगास पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर शहर में भैलो तैयार किए गए और नगर में भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। देर रात तक चले उत्सव में देश के विभिन्न क्षेत्रों से प्रवासियों ने हिस्सा लिया।